Hindi

समुद्र-तट (Beach) पर सुरक्षा

No Flags

No Swim

झंडे नहीं | **तैरना नहीं**

जीवन-रक्षक (Lifeguard) सेवा

wollongong

city of innovation

आपको सुरक्षित रखना

NO FLAGS
NO SWIM

- हमेशा लाल व पीले झंडों के बीच तैरें (झंडे तैरने के लिए बनाए गए क्षेत्र बताते हैं)।
- उन्हीं समुद्र-तटों पर तैरें जहाँ जीवन-रक्षक व जीवन-बचाने वाले तैनात रहते हैं।
- यदि आप किसी कठिनाई में फ़ँस जाते हैं तो शान्त रहें और अपनी बाज़ू को ऊँचा उठाएँ।
- बच्चों का हमेशा ध्यान रखें।
- कभी भी अकेले न तैरें।
- जीवन-रक्षक व जीवन-बचाने वालों कि सलाह को हमेशा मानें।
- हमेशा टोपी, धूप का चश्मा, कमीज़ पहने व धूपरोधक (सनसक्रीन) लगाएँ। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएँ।
- शराब पीने के बाद कभी तैरें नहीं।

वे समुद्र-तट जहाँ पर जीवन-रक्षक तैनात रहते हैं

न्यू साऊथ वेल्ज़ के स्कूलों की छुट्टियों में जो सितम्बर में आरम्भ हो कर अप्रेल में समाप्त होती हैं, सभी 17 समुद्र-तटों पर जीवनर-क्षक तैनात रहते हैं। North Wollongong का समुद्र-तट पूरे साल खुला रहता है।

समुद्र-तट कहाँ पर है, नियम, पानी की स्वच्छता व समुद्र-तट पर व्हीलचेयर सुरक्षित करवाने संबंधी अधिक जानकारी के लिए काउन्सिल का वेबपेज देखें।

उन्हीं समुद्र-तटों पर तैरें जहाँ जीवन-रक्षक तैनात रहते हैं।



जब लाल झंडें लगें हों तो तैरें नहीं

सर्फ़बोर्ड पर तैरने की अनुमति नहीं है

स्टिंगर मछली की चेतावनी दी जाती है

कुत्ते वर्जित हैं

कूड़ा न फेकें

जीवन-रक्षक व जीवन-बचाने वाले

समुद्र-तटों व तरण-तालों में Wollongong शहर काउन्सिल द्वारा जीवन-रक्षकों को काम पर रखा जाता है। वे सफ़ेद कमीज़ें व गाढ़ी नीली निक्करें पहनते हैं। हमारे जीवन-रक्षक आमतौर पर सोमवार से शनिवार के बीच तैनात रहते हैं।

जीवन बचाने वाले स्वयंसेवी होते हैं जो रविवार व पब्लिक छुट्टियों को समुद्र-तटों पर तैनात रहने का काम करते हैं। वे लाल व पीली यूनिफ़ॉर्म पहनते हैं।

लाल व पीले झंडों के बीच सर्फ़बोर्ड पर नहीं तैरना चाहिए।

वालंटियर लाइफसेवर्स (स्वयंसेवी जीवनरक्षक)

अशान्त लहरों का क्षेत्र (रिप लहरें)

अधिकाँश समुद्र-तटों पर अशान्त लहरें होती हैं। यह लहरें पानी को समुद्र की ओर वापिस ढकेलती हैं और अपने साथ बहती हुई वस्तुएँ, जिसमें लोग भी शामिल हैं, ले जाती हैं। इन अशान्त लहरों के सूचकों में निम्नलिखित शामिल होते हैं:

- पानी में कालापन जिसमें टूटती हुई लहरें नहीं होती या बहुत कम होती हैं।
- अशान्त लहरों की सतह के चारों ओर शान्त पानी होता है।
- सभी अशान्त लहरों में यह सूचक नहीं दिखते हैं। यदि शक हो तो पानी से बाहर रहें।
- यदि आप अशान्त लहरों में फँस जाते हैं तो लहरों की दिशा के विरूद्ध तैरने की कोशिश न करे, यदि आप थकने लगें तो धारा के साथ बहने (फ़्लोट करने) की कोशिश करें।

हमारा शिक्षा कार्यक्रम

यदि आप चाहते हैं कि Wollongong Life-guard Service आपके स्कूल में आए या आपको अधिक जानकारी चाहिए तो हमसे संपर्क करें।

जानकारी

अधिक जानकारी के लिए काउन्सिल का ‘Beaches’ वेबपेज देखें या उपभोक्ता सेवा को (02) 4227 7111 पर फ़ोन करें।

यदि आपको दुभाषिए की आवश्यकता है तो टेलिफ़ोन दुभाषिया सेवा को 131450 पर फ़ोन करें और उनसे कहें कि वह Wollongong City Council Customer Service से बात करा दें।

WCC © 5004117.11.22

तटीय लहरों से सुरक्षा संबंधी वीडियो देखने के लिए Wollongong City Council YouTube चैनल पर जाएँ

www.wollongong.nsw.gov.au/lifeguards